जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 60 अंक-27 जयपुर, सोमवार, 15 जुलाई, 2024 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

## प्रधानमंत्री ने मुंबई में करोड़ों रुपये की लागत वाली परियोजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण

**मुंबई (हमारा वतन)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के मुंबई में सड़क, रेलवे और बंदरगाह क्षेत्र से जुड़ी 29,400 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।



प्रधानमंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मुंबई और आस-पास के क्षेत्रों के बीच सड़क और रेल संपर्क को बेहतर बनाने के लिए 29,400 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं की आधारशिला रखने और उन्हें समर्पित करने का अवसर मिलने पर प्रसन्नता हुई है । प्रधानमंत्री ने वधावन बंदरगाह के बारे कहा कि हाल ही में केंद्र सरकार ने स्वीकृति प्रदान की है। 76,000 करोड़ रुपये की यह परियोजना 10 लाख से अधिक रोजगार का सृजन करेगी।

पिछले एक महीने में मुंबई में निवेशकों के मूड को लेकर प्रधानमंत्री ने कहा कि छोटे और बड़े दोनों निवेशकों ने सरकार के तीसरे कार्यकाल का उत्साहपूर्वक स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि स्थिर सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में तिगुनी गति से काम करेगी।



## मुख्यमंत्री शर्मा से केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की शिष्टाचार भेंट

**जयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुख्यमंत्री निवास पर केंद्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान दोनों नेताओं के बीच केंद्र और राज्य सरकार की कृषक कल्याणकारी योजनाओं और कृषि से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री शर्मा ने केंद्रीय मंत्री को राज्य सरकार द्वारा कृषक कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि इस बार के राज्य बजट में कृषि विकास एवं कृषक कल्याण के लिए 96 हजार करोड़ से अधिक का प्रावधान किया गया है।

इस अवसर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर, राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर. चौधरी उपस्थित रहे।

## मैं स्वयं छात्र राजनीति से निकला हूं,अब सरकार छात्रसंघ चुनाव कराए :गहलोत

**जयपुर (हमारा वतन)।** पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि मैं स्वयं छात्र राजनीति से निकला हूं। मैंने छात्रसंघ चुनाव लड़कर राजनीति सीखी। हमारी अलग मजबूरी थी। अब कोई ऐसे हालात नहीं है। भाजपा सरकार छात्रसंघ चुनाव का रास्ता निकाले, जैसा दिल्ली की जेएनयू ने निकाला।



गहलोत ने लाखों छात्रों की तरफ से कहा कि हमारी सरकार के समय पुलिस-प्रशासन के फीडबैक के कारण चुनावी वर्ष में छात्रसंघ चुनाव नहीं करवाए जा सके थे। वजह यह थी कि प्रशासन विधानसभा चुनावों की तैयारी में व्यस्त था एवं अधिकांश जगह कॉलेज ही चुनावी गतिविधियों जैसे चुनावी ट्रेनिंग, ईवीएम भंडारण एवं मतगणना केन्द्र आदि होते हैं।

मेरा मानना है कि छात्रसंघ राजनीति की पहली पाठशाला है। छात्रसंघ चुनावों से विद्यार्थियों में लोकतंत्र एवं संविधान के प्रति जागरुकता आती है। मैं स्वयं छात्रसंघ की राजनीति से निकला हूं। पिछले कार्यकाल में भाजपा सरकार ने छात्रसंघ चुनावों पर रोक लगाई थी जिसे हमारी सरकार ने हटाया। कोविड के बाद भी हमारी सरकार ने ही छात्रसंघ चुनाव बहाल किए थे। सरकार को छात्रसंघ चुनावों की मांग कर रहे विद्यार्थियों पर जयपुर में किए बल प्रयोग की मैं कड़ी निंदा करता हूं। ऐसा करने की बजाय राज्य सरकार को उनकी मांग को मानना चाहिए। साथ ही, मैं छात्रसंघ चुनाव में शामिल होने के इच्छुक युवाओं से भी कहना चाहता हूं कि आप भी इन चुनावों को पैसा और ताकत दिखाने का जरिया बनाने की जगह शुचिता एवं बुद्धिमता वाला चुनाव बनाएं और एक नई राजनीति की शुरुआत करें।

## विम्बलडन : क्रेजीकोवा ने जीता महिला सिंगल्स खिताब

**विम्बलडन (हमारा वतन)।** 31वीं रैंक की चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजीकोवा ने 7वीं रैंक की इटली की जैस्मीन पाओलोनी को तीन सेट तक चले संघर्ष में 6-2, 2-6 और 6-4 से हराकर महिला सिंगल्स का खिताब जीत लिया।



क्रेजीकोवा विम्बलडन सिंगल्स के 8 साल में आठवीं चैंपियन हैं। क्रेजीकोवा का यह दूसरा ग्रैंड स्लैम है। इससे पहले 2021 में उन्होंने फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था । क्रेजिसिकोवा ने आल इंग्लैंड के क्लब पर फाइनल में पाओलिनी पर 6-2, 2-6, 6-4 की जीत से अप्रत्याशित जीत दर्ज की। उन्होंने अपनी मेंटोर (दिवंगत) 1998 विम्बलडन चैम्पियन जाना नोवोत्ना का धन्यवाद किया जिन्होंने उन्हें पेशेवर टेनिस में आने के लिए प्रेरित किया था।

क्रेजिसिकोवा ने जीत के बाद कहा, 'अभी जो हुआ यह अवास्तविक है, निश्चित रूप से मेरे टेनिस करियर का सर्वश्रेष्ठ दिन और मेरी जिंदगी का भी सर्वश्रेष्ठ दिन। ' अपनी चैम्पियन प्लेट पकड़ते हुए क्रेजिसिकोवा ने खुद को भाग्यशाली करार दिया कि वह पिछले महीने फ्रेंच ओपन में उप विजेता रहीं सातवीं वरीयता प्राप्त पाओलिनी को पराजित करने में सफल रहीं। टूर्नामेंट के पिछले आठ चरण से नयी महिला चैम्पियन निकली हैं और तब से क्रेजिसिकोवा विम्बलडन चैम्पियन बनने वाली आठवीं महिला खिलाड़ी हैं। पिछले साल का खिताब भी चेक गणराज्य की ही खिलाड़ी के नाम रहा था जो गैर वरीय मार्केटा वोंद्रोयूसोवा थीं जो पिछले हफ्ते यहां



## माली समाज विकास समिति की कार्यकारिणी की मीटिंग का हुआ आयोजन

**चौमूं (हमारा वतन)।** माली समाज विकास समिति तहसील चौमूं की कार्यकारिणी की मीटिंग का आयोजन शहर के रींगस रोड बस स्टैंड के पास सैनी समाज सभा भवन में संस्था अध्यक्ष घीसालाल सैनी की अध्यक्षता में हुआ। मीटिंग में विगत रामनवमी को संपन्न सामूहिक विवाह सम्मेलन एवं अन्य गतिविधियों के साथ आय- व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत कर अनुमोदन किया गया। सामाजिक उत्थान के लिए विभिन्न बिंदुओं पर भी चर्चा की गई।

इस दौरान महामंत्री कन्हैयालाल पापटवान, कोषाध्यक्ष प्रभाती लाल सैनी, संयुक्त मंत्री जय नारायण चंदेल, व.उपा. मोहरी लाल चांदोलिया, उपाध्यक्ष सुवालाल तूंदवाल, ओमप्रकाश सिंगोदिया, शंकर लाल सिंगोदिया, संरक्षक राधेश्याम तंवर, रामचंद्र तूंदवाल, सह कोषाध्यक्ष प्रभू दयाल राईं, डॉ. मान प्रकाश तंवर, हीरालाल पांच्या, जगदीश प्रसाद पांच्या, नाथूराम बिशनालिया, छीतरमल बबेरवाल सहित कई समाजबन्धु मौजूद रहे ।


## अग्रवाल एसोसिएट्स का हुआ भव्य शुभारंभ

**जयपुर (हमारा वतन)।** लक्ष्मीनाथ आसरा कोपलेक्स चौमूं में अग्रवाल एसोसिएट्स का शुभारंभ अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य व विधायक डॉ. शिखा मिल बराला ने फीता काटकर किया । सभी अतिथियों का संदीप अग्रवाल व अमित अग्रवाल ने दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया । इस दौरान सीताराम अग्रवाल, मनीष गोयल, सुमित शर्मा, अमित अग्रवाल, रिंकेश अग्रवाल, राजकुमार शर्मा, उमेश कुमावत, लता खोरानिया, मनोज चौधरी, रमेश कुमार जाट, बृजमोहन मोदी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।



## पूजा शर्मा बनी बेटी फाउंडेशन क्लब की ब्रांड आइकॉन

**जयपुर (हमारा वतन)।** बेटी फाउंडेशन क्लब ने मशहूर मॉडल और समाज सेविका पूजा शर्मा को ब्रांड आइकन नियुक्त किया है ।



संस्था के डायरेक्टर राज शर्मा और राहुल शर्मा ने बताया कि पूजा शर्मा पिछले कई सालों से सोशल मीडिया पर अपनी अलग ही पहचान बना चुकी हैं और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं । इन्होंने मिसेज इंडिया द क्राउन का खिताब भी जीत रखा है । इनके योगदान और उपलब्धि को देखते हुए इनको बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता अभियान से लोगों को जागरूक करने के लिए ब्रांड आइकॉन के पद पर नियुक्त किया गया है ।

## प्रथम क़दम फ़ाउंडेशन हुआ सम्मानित

**जयपुर (हमारा वतन)।** प्रथम क़दम फ़ाउंडेशन को नगर निगम कमिशनर द्वारा स्वच्छता चैंपियन सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया । जयपुर नगर निगम हेरिटेज आयुक्त अभिषेक सुराणा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया । नगर निगम कमिश्नर ने प्रथम क़दम फ़ाउंडेशन के कार्यों को सराहा ।

प्रथम क़दम फ़ाउंडेशन के फ़ाउंडर डायरेक्टर डॉक्टर पीयूष और कविता पंजवानी ने बताया कि जयपुर नगर निगम के साथ भविष्य में मिलकर समाज कार्य किए जाएंगे।





# पेड़ की छाँव में माँ की गोद का एहसास होता है : डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी

**उत्तराखंड (हमारा वतन)।** राजकीय इण्टर कालेज मरोड़ा, सकलाना टिहरी गढ़वाल में पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी के सौजन्य से मेरा पेड़-मेरा दोस्त अभियान के तहत हरेला पर्व मनाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल एक पेड़ माँ के नाम पर पौधे लगाने का संकल्प लिया गया । जिसमें ग्रामीण भी सम्मिलित हुए।

सर्वप्रथम ग्रामीण राइका मरोड़ा में उपस्थित हुए, जहां छात्रों के साथ माँ के नाम पर एक पेड़ लगाने की प्रतिज्ञा ली । ततपश्चात जन जागरूकता रैली निकाल कर पौधों को लगाने का आह्वान किया गया।

वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने कहा कि पेड़ पौधों का उपकार हम कभी नहीं भूल सकते हैं । तपती गर्मी, बारिश होते ही हम पेड़ों को देखते हैं जहां पर हम राहत महसूस करते हैं जैसे ही पेड़ की छाँव में जाते हैं तो हमें अपनी माँ की गोद का एहसास होता है । पेड़ हमें कंद,मूल, फल,ऑक्सीजन, इमारती व जलाव लकड़ी, पशुओं के लिए चारा और पक्षियों व जंगली जानवरों का आश्रय होते हैं इसलिए पेड़ पौधे हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं इनको लगाने व सुरक्षा करना हर व्यक्ति का कर्तव्य होना चाहिए।

प्रधान नीलम देवी ने हरेला पर गांव के हर परिवार से एक एक पौधा लगाने की अपील की । वहीं प्रधानाचार्य अनूप थपलियाल ने छात्र-छात्राओं से प्रधानमंत्री की अपील पर एक पेड़ माँ के नाम पर लगाने को कहा। पीटीए अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह हटवाल ने पौधारोपण को महायज्ञ की तरह मनाने की अपील की।

इस दौरान वनबीट अधिकारी हीरासिंह पंवार, एसएमसी अध्यक्ष पुष्पा देवी, वरदेई, मनीषा देवी, कविता देवी, सुंदर सिंह नेगी, सुरेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, राकेश सिंह, गिरीश कोठियाल, राहुल जोशी, मनोज सकलानी, इंद्रदेव वशिष्ट, राजेन्द्र रावत सहित कई लोग मोजूद रहे ।




# ग्रीन इंडियन आर्मी ने किया पौधारोपण

**सोहागपुर (हमारा वतन)।** ग्रीन इंडियन आर्मी द्वारा सोहागपुर (नर्मदापुरम) रेवाबनखेड़ी रोड गांधी वार्ड स्थित हनुमान मंदिर परिसर में युवा गृहस्थ संत प्रकाश मुग्दल महाराज के मुख्य आतिथ्य में फलदार पौधे चीकू, आम, नीबू, कटहल, जामुन आदि लगाए गए ।

संयोजक प्रियांशु धारसे ने बताया कि पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने की प्रतिबद्धता के लिए वनों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए वन महोत्सव मनाया जाता है। यह एक वार्षिक वृक्षारोपण उत्सव है, जिसमें पूरे देश में वृक्षारोपण अभियान चलाया जाता है। वन महोत्सव पर लोग पौधे लगाते हैं और अधिक लोगों को प्रोत्साहित करते हैं । इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, पार्षद जमील खान, विशाल गोलनी, पूर्व सैनिक नीलम पटेल, चुन्नी लाल मुग्दल, लक्ष्मी कुशवाहा, जगदीश नामदेव सहित लोग मौजूद रहे।

## प्रीत की डोरी

हे कान्हा की बंशी तुम, अधरों से दूर नहीं जाना।
ये प्रीत की कच्ची डोरी है, इस डोरी को ना चटकाना।।

मैं बंद कूप का पानी हूँ, तुम सागर वाली धार प्रिये,
मैं धूल भरा गुब्बार भया, तुम शीतल नर्म बयार प्रिये,
मैं कल्पित संसार सदा, तुम जीवन का आधार प्रिये,
मैं जहरीला विष का प्याला, तुम अमृत की धार प्रिये,

हे वीणा के सात सुरों, सरगम से दूर नहीं जाना।
ये प्रीत की कच्ची डोरी है, इस डोरी को ना चटकाना।।

मैं अगणित शूल भरा जीवन, तुम फूलों वाला हार प्रिये,
मैं दीपक तले अंधेरा हूँ, तुम शमां सी रोशन रात प्रिये,
मैं नगमां गम के मारों का, तुम गीतों की झनकार प्रिये,
मैं मावस का मटमैला चंदा, तुम पूनम की रात प्रिये,

हे मीरा के इक तारे, कुछ प्रेम गीत गाते जाना।
ये प्रीत की कच्ची डोरी है, इस डोरी को ना चटकाना।।

मैं मधुवन का पागल भंवरा, तुम फूलों की श्रृंगार प्रिये,
मैं भटका राही मंजिल का, तुम दर की देहरी द्वार प्रिये,
मैं कविता का फंसा सौरठा, तुम छंदों की ताल प्रिये,
मैं जंगल जैसा बियाबान, तुम शहर की रोशन रात प्रिये,

हे केशव के पाञ्चजन्य तुम, युद्ध के गीत भले गाना।
ये प्रीत की कच्ची डोरी है, इस डोरी को ना चटकाना ।।

**विनोद शर्मा वेणु**



# देश में सर्वाधिक शासन करने वालों ने नहीं की किसान की चिंता : मुख्यमंत्री



**जयपुर(नि.सं.)।** मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान देश के अन्नदाता हैं। करोड़ों देशवासियों का पेट भरने के साथ ही वे देश और राज्य की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के संकल्प के अनुरूप राज्य सरकार किसानों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और उनके घरों में खुशहाली लाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास पर परिवर्तित बजट-2024-25 में कृषि संबंधी ऐतिहासिक घोषणाओं के लिए किसानों द्वारा अभिनन्दन और आभार समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी किसानों को खुशहाल बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। हमने सरकार का गठन होते ही पूर्वी राजस्थान के लिए अति महत्वपूर्ण ईआरसीपी योजना के लिए केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार के साथ ऐतिहासिक समझौता किया। साथ ही, शेखावाटी क्षेत्र की प्यास बुझाने के लिए यमुना जल समझौते को भी मूर्त रूप दिया, जबकि पूववर्ती सरकार ने इस संबंध में केंद्र और हरियाणा सरकार से कभी पत्र व्यवहार तक नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान सम्मान निधि को 6 हजार से बढ़ाकर 8 हजार रुपए करने तथा गेहूं की एमएसपी बढ़ाने तथा पशुपालकों के लिए गोपाल क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 1 लाख रुपए तक का ऋण देने जैसे निर्णय हमारी किसान एवं पशुपालक हितैषी नीति का प्रतीक हैं।

# भगवान जगन्नाथ की सूक्ष्म कृतिका का विमोचन



**उदयपुर (हमारा वतन)।** श्रीमेवाड़ सगसजी लोकसेवा संस्थान एवं चितौड़ा हस्त शिल्प कला केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में राजमहल में आयोजित भव्य समारोह में अंतर्राष्ट्रीय सूक्ष्म कलाकार चंद्रप्रकाश चितौड़ा द्वारा चाँवल एवं माचिस की तिल्लियों से निर्मित भगवान जगन्नाथ जी के रथ एवं झांकी सूक्ष्म पुस्तिका का विमोचन मेवाड़ के महाराज कुंवर लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीमेवाड़ सगसजी लोकसेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष कुंवर विजय सिंह कच्छवाहा हस्त कला केंद्र के संस्थापक चंद्रप्रकाश चितौड़ा, विधि सोनी, गोविंद लाल ओड आदि उपस्थित रहे ।

# यज्ञाचार्य हरिओम महाराज का गायत्री शक्तिपीठ सलूंबर में हुआ स्वागत



**जयपुर (हमारा वतन)।** जयपुर निवासी यज्ञाचार्य हरिओम महाराज के गायत्री शक्तिपीठ सलूंबर में पधारने पर गायत्री शक्तिपीठ परिव्राजक राजेश भारद्वाज ने स्वागत-सत्कार किया । साथ ही पंडित गणेश शर्मा सिद्धेश्वर महादेव के महंत मालवीय नगर का भी स्वागत किया । भारद्वाज ने सम्मानस्वरूप भारतीय संस्कृति के अनुसार साफा और दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया । इस दौरान जिला संयोजक खेमराज, प्रखर वेदिका मीरा देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# संविधान हत्या दिवस भारत के संविधान को कुचलने की याद दिलाएगा : पीएम मोदी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपातकाल को कांग्रेस द्वारा लाया गया काला दौर बताते हुए कहा है कि हर साल 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय इस बात की याद दिलाएगा कि जब भारत के संविधान को कुचल दिया गया था, तब क्या हुआ था। उन्होंने इसे आपातकाल की ज्यादतियों के कारण पीड़ित हुए हर व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने का भी दिन बताया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पोस्ट पर रिप्लाई करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाना इस बात की याद दिलाएगा कि क्या हुआ था जब भारत के संविधान को कुचल दिया गया था। यह हर उस व्यक्ति को श्रद्धांजलि देने का भी दिन है, जो आपातकाल की ज्यादतियों के कारण पीड़ित हुए थे, जो भारतीय इतिहास में कांग्रेस द्वारा लाया गया काला दौर था।

## जॉब्स-

1. स्टाफ सिलेक्शन कमिशन, पद एमटीएस हवलदार, पद संख्या 8326, अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024
2. स्टाफ सिलेक्शन कमीशन, पद सीजीएल, पद संख्या 17727, अंतिम तिथि 25 जुलाई 2024
3. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद डिप्टी जेलर, पद संख्या 73, अंतिम तिथि 6 अगस्त 2020
4. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद जियोलॉजिस्ट असिस्टेंट, माइनिंग इंजीनियर, पद संख्या 56, अंतिम तिथि 30 अगस्त 2024
5. इंडियन बैंक, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 1500, अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024
6. राजस्थान हाई कोर्ट जोधपुर, पद जिला जज, पद संख्या 95, अंतिम तिथि 9 अगस्त 2020
7. इफको, पद ग्रैजुएट इंजीनियर अप्रेंटिस, पद संख्या अघोषित, अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024
8. यूपीएसएसएससी, पद बीसीजी टेक्नीशियन, पद संख्या 255, अंतिम तिथि 7 अगस्त 2024




# तृप्ति डिमरी के बारे में बोले को-स्टार सिद्धांत चतुर्वेदी 'पहले लोग चाय तक नहीं पूछते थे, 'एनिमल' की रिलीज के बाद सब बदल गया'

रणबीर कपूर स्टारर 'एनिमल' में जोया का रोल निभाकर फेमस हुईं एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी की अपकमिंग फिल्म 'धड़क 2' है। इस फिल्म में उनके अपोजिट 'गली बॉय' फेम सिद्धांत चतुर्वेदी नजर आएंगे।हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में सिद्धांत ने बताया कि 'एनिमल' की रिलीज के बाद से तृप्ति की लाइफ में काफी चेंज आया है। एक्टर ने यह भी बताया कि वो और तृप्ति फिल्म की शूटिंग से वक्त निकालकर साथ में एनिमल का शो देखने गए थे।

**'लैला-मजनू' के लिए शॉर्टलिस्ट हो गए थे सिद्धांत**-सिद्धार्थ कानन को दिए एक इंटरव्यू में सिद्धांत ने बताया, 'मैं तृप्ति को काफी पहले से जानता हूं। हम 2018 में आई फिल्म 'लैला मजनूं' में साथ काम करने वाले थे। मुझे इस फिल्म के लिए शॉर्टलिस्ट कर लिया गया था।हालांकि, बाद में यह रोल अविनाश तिवारी को मिल गया। तब हम साथ काम करते-करते रह गए थे पर फाइनली अब हमने साथ में 'धड़क 2' पर काम किया है।'



**'एनिमल' के बाद लोगों के बर्ताव में आया फर्क**-को-एक्ट्रेस तृप्ति के बारे में बात करते हुए सिद्धांत ने एक किस्सा शेयर किया। सिद्धांत ने कहा, 'एनिमल' की सक्सेस के बाद कृति को सेट पर ही लोगों ने गजब का रिस्पॉन्स देना शुरू कर दिया था। मैंने अपने सामने उनके प्रति लोगों की फितरत बदलते देखी है। वो रोज चाय मांगती थी, कोई सुनता नहीं था पर 'एनिमल' की सक्सेस के बाद लोग खुद आकर पूछने लगे कि मैडम कौन सी चाय दूं? - मसाला चाय, ग्रीन टी या कोई और?

वहीं जब सिद्धांत से पूछा गया कि कहीं उन्हें तृप्ति पर क्रश तो नहीं ? तो सिद्धांत ने कहा- 'वो बहुत ही स्वीट और कमाल की इंसान है लेकिन मेरा एक नियम है कि जहां मैं काम करता हूं वहां पर दिल नहीं लगाता।'

# जब माधुरी दीक्षित ने इस पूर्व भारतीय क्रिकेटर के लिए अपने प्यार का इज़हार किया

पिछले कुछ सालों में इस क्षेत्र के कई बड़े नाम एक-दूसरे से जुड़े है, जिनमें से कुछ सफल विवाह भी हुए हैं। क्या आप जानते हैं कि 90 के दशक की एक लीडिंग लेडी ने एक बार भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार क्रिकेटरों में से एक के लिए अपने प्यार का इज़हार किया था? हम बात कर रहे हैं धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित की, जो कथित तौर पर सुनील गावस्कर से प्यार करती थीं। उन्होंने 1992 में एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि वह पूर्व बल्लेबाज के लिए पागल थीं। उन्होंने कहा था, मैं सुनील गावस्कर के लिए पागल हूँ। वह बहुत सेक्सी हैं। मैं उनके पीछे भागना चाहती हूँ और वह मेरे सपनों में भी आए थे। इंटरव्यू के समय वह 25 साल की थीं, जबकि क्रिकेटर 43 साल के थे। सुनील गावस्कर को भारतीय क्रिकेट टीम के सर्वश्रेष्ठ सलामी बल्लेबाजों में से एक माना जाता है। वह 1983 की भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य थे, जिसने कपिल देव की कप्तानी में देश को अपना पहला विश्व कप दिलाया था। माधुरी दीक्षित को आखिरी बार सुनील शेट्टी के साथ लोकप्रिय डांस शो डांस दीवाने सीजन 4 में जज के तौर पर देखा गया था। वह 2018 में इसके प्रीमियर के बाद से ही शो का हिस्सा रही हैं और पिछले तीन सीजन को जज कर चुकी हैं। माधुरी को आखिरी बार नेटफ्लिक्स शो द फेम गेम वेब सीरीज में देखा गया था, जिसका प्रीमियर फरवरी 2022 में हुआ था। इस शो का निर्देशन बेजॉय नांबियार और करिश्मा कोहली ने किया है, जबकि इसके निर्माता श्री राव हैं।



इसमें माधुरी दीक्षित, संजय कपूर, मानव कौल, लक्षवीर सरन और मुस्कान जाफ़री हैं। इस शो का निर्माण करण जौहर, श्री राव और सोमेन मिश्रा ने धर्मैटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया है।







# सुबह करें ये स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज

# दूर होगी मॉर्निंग लेजीनेस और स्टिफनेस

सुबह उठने के साथ बेड पर अपनी बॉडी को कुछ देर स्ट्रेच करें, ऐसा करने से आपको स्वयं अपनी दिनचर्या में बदलाव नजर आएगा। ज्यादातर लोगों को सुबह उठने के बाद बिस्तर छोड़ने का मन नहीं करता उन्हें बेहद आलस महसूस होती है। इतना ही नहीं कई लोग ऐसे हैं जिन्हें मॉर्निंग स्टीफनेस की भी शिकायत रहती है। यानी कि सुबह उठने के साथ उनकी हाथ, पैर एवं मांसपेशियां अकड़ी हुई महसूस होती हैं। साथ ही साथ उन्हें दर्द की शिकायत भी रहती है। ऐसे में कुछ सामान्य बॉडी स्ट्रेचेज इसमें आपकी मदद कर सकते हैं। सुबह उठने के साथ बेड पर अपनी बॉडी को कुछ देर स्ट्रेच करें, ऐसा करने से आपको स्वयं अपनी दिनचर्या में बदलाव नजर आएगा।लाइफस्टाइल कोच एवं फिटनेस एक्सपर्ट यश अग्रवाल ने कुछ खास तरह के स्ट्रेच और व्यायाम करने की सलाह दी है, जो आपको सुबह की आलस्य से छुटकारा पाने और पूरे दिन एनर्जेटिक रहने में मदद करेंगे।



**पहले जानें स्ट्रेचिंग किस तरह मॉर्निंग स्टीफनेस और लेजीनेस को कम करने में मदद करती है**-बॉडी स्ट्रैचिंग शरीर में लचीलापन लाती है, साथ ही साथ मांसपेशियों को भी फ्लैक्सिबल बनाती है। जिससे कि बॉडी स्टीफनेस काम होता है। कई बार थकान की वजह से भी सुबह उठने के बाद आलस और मांसपेशियों में अकड़न महसूस होता है, ऐसे में स्ट्रेचिंग करने से मसल्स टेंशन रिलीज होती है और आपकी मांसपेशियां रिलैक्स रहती हैं।साथ ही साथ स्ट्रेचिंग इन्फ्लेमेशन को कम कर देती है, जिससे कि बॉडी स्टीफनेस भी कम हो जाता है। इतना ही नहीं स्ट्रेचिंग ब्लड फ्लो और ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ावा देती है और शरीर में सभी ओर पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचता है। ऐसे में मांसपेशियां और हड्डियां सभी एक्टिव और हेल्दी रहती हैं।

यहां जानें कुछ बॉडी स्ट्रेचेज़ के बारे में

1. **नेक स्ट्रेच** -धीरे-धीरे अपने सिर को एक तरफ से दूसरी ओर झुकाएं, प्रत्येक स्थिति को 10-15 सेकंड तक होल्ड करें।धीरे-धीरे अपनी गर्दन को दक्षिणावर्त और वामावर्त घुमाएं।
2. **शोल्डर**-अपने कंधों को धीमे और नियंत्रित तरीके से आगे और पीछे की ओर घुमाएं।




# हर समय चलता रहता है दिमाग में कोई ख्याल तो करें मेडिटेशन

मेडिटेशन एक सीखा हुआ कौशल है जो अभ्यास और धैर्य के साथ ही बेहतर होता जाता है। जब आप एक नियमित शेड्यूल बनाए रखते हैं, तो आपका दिमाग अपने आप समझ जाता है कि यह समय आराम करने का समय है।क्या आपका दिमाग कभी बंद नहीं होता? क्या आप आराम करने की कोशिश करते समय लगातार चीजों के बारे में सोचते रहते हैं? तो आप अकेले नहीं हैं। बहुत ज्यादा सोचना आम बात है और बहुत लोगों के साथ ये समस्या लगातार बनी रहती है। इसके कारण कई समस्याएं होते है। ऐसे में आप मेडिशन की कोशिश करने के समय भी अपने दिमाग को बंद नहीं कर पाते है।जब आप बहुत ज़्यादा सोचते हैं, तो आपका दिमाग लगातार चलता रहता है, बार-बार एक ही स्थिति के बारे में सोचता रहता है, अलग-अलग चीजें जो आप कर सकते थे या कह सकते थे, या यहां तक कि ऐसी चीजें जो भविष्य में हो सकती हैं। बहुत ज़्यादा सोचने वाला दिमाग आराम के लिए भी नहीं रूकता है। ऐसा करने वाले लोग वर्तमान में नहीं जी पाते है। जिसके कारण बहुत समस्या हो सकती है। दिमाग को शांत करने का एक तरीका है वो है मेडिटेशन।

# जिम जाने से पहले इन बातों का रखें ख्याल और अपनी वेट लॉस जर्नी को बनाएं आसान

जिम जाने के लिए सिर्फ मानसिक रूप से तैयार होना ही ज़रूरी नहीं है, बल्कि आपको शारीरिक तौर पर भी खुद को तैयार करना होता है। चलिये जानते हैं कुछ टिप्स, जो जिम जाने से पहले आपको याद रखनी चाहिए।यदि आपने अपनी वेट लॉस जर्नी हाल ही में स्टार्ट की है तो आप बहुत एक्साइटेड होंगी? वाकई में होना भी चाहिए, लेकिन जिम जॉइन करने के कुछ दिनों बाद लोग अचानक से जिम जाना बंद कर देते हैं। कारण? शरीर में अकड़न और कमजोरी, या कई बार सही मोटिवेशन की कमी होती है। इन सब की एक ही वजह है कि हम जिम जॉइन कर लेते हैं, लेकिन जिम जाने से पहले सही तैयारी कैसे की जाती है यह हमें कोई नहीं बताता।खाली पेट जिम जाना, वॉर्म-अप न करना, सही से रेस्ट न करना - यही सब कारण हैं कि बहुत लोग जिम कंटिन्यू नहीं कर पाते हैं, क्योंकि कुछ दिनों बाद उनकी बॉडी जवाब दे देती है। अगर हम अपनी शरीर का ध्यान नहीं रखेंगे तो यह किसी के साथ भी हो सकता है।मगर यदि आपको अपनी वेट जर्नी सही से कंटिन्यू करनी है, तो जिन जाने से पहले इन बातों का ज़रूर ध्यान रखें।



**अच्छी नींद लें**-रात में ली गयी 6 से 8 घंटे की अच्छी नींद हेल्दी बॉडी और एक वर्कआउट सेशन के लिए सबसे सही है। यदि आपने अच्छी तरह से रेस्ट किया होगा तो यह आपको अधिक ऊर्जावान महसूस करने में मदद करेगा। बस इस बात का ध्यान रखें कि आप सुस्त होकर जिम न जाएं। इसके अलावा उठने और जिम जाने के बीच एक गैप रखें ताकि आपका शरीर ज्यादा स्टिफ न हो।

**खुद को हाइड्रेटेड रखें**-वर्कआउट से पहले खुद को हाइड्रेट करना बहुत जरूरी है। आपको जितना पानी पीना चाहिए वह आपकी उम्र, लिंग, वजन और ऊंचाई के अनुसार अलग-अलग होता है। मगर आप जिम से आधा या एक घंटे पहले एक-दो गिलास पानी ज़रूर पिएं। साथ ही, ऐसी मात्रा पीने की कोशिश करें जिससे आपको ब्लोटेड हुआ महसूस न हो।

**प्री वर्क आउट मील ज़रूर लें**-आमतौर पर हमारे सुबह के जिम रूटीन में जिम जाने से पहले खाना शामिल नहीं होता है। हम उठते हैं, कपड़े पहनते हैं और जिम चले जाते हैं।

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# रूस-ऑस्ट्रिया की यात्राओं से भारत की नई उड़ान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा के निष्कर्षों के साथ-साथ इसके वैश्विक निहितार्थ भी तलाशे जा रहे हैं। इन दोनों देशों की राजकीय यात्रा अनेक दृष्टियों से नई उम्मीदों को पंख लगाने के साथ भारत को शक्तिशाली बनाने वाली होगी। दोनों देशों की यात्रा के दौरान हुए विभिन्न समझौते भारत की तकनीकी एवं सामरिक जरूरतों को पूरा करने में अहम कदम साबित होंगे। सैन्य उत्पाद, व्यापार व उद्योग के साथ-साथ प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रूस और ऑस्ट्रिया के साथ द्विपक्षीय सहयोग ने नई उम्मीदें जगाई हैं। इन यात्राओं के दौरान प्रधानमंत्री ने जो प्रयास किए वे मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भरता के प्रयास, नये भारत-सशक्त भारत एवं सतत विकास की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होंगे। निश्चित ही प्रधानमंत्री मोदी के प्रति इन दोनों देशों में जो सम्मान भावना देखने को मिली, उससे यही कहा जा सकता है कि मोदी विश्व-नेता के रूप में स्वतंत्र पहचान एवं प्रतिष्ठा प्राप्त कर रहे हैं, जो भारत के लिये शुभ है। निश्चित तौर पर वैश्विक राजनीति में अपनी चमक के साथ आगे बढ़ते भारत के लिये रूस की यात्रा कई मायनों में बहुत उपयोगी एवं दूरगामी रही। इस यात्रा के दौरान भारत और रूस के बीच हुई 22वीं द्विपक्षीय बैठक में हुए नए समझौते काफी अहम हैं। रूस के युद्ध में फंसे होने के कारण रक्षा जरूरतों से संबंधित आपूर्ति में बाधा होना हमारे लिए चिंता की बात थी लेकिन मेक इन इंडिया के तहत भारत में ही रक्षा उपकरणों के स्पेयर पार्ट्स का प्लांट लगाने पर सहमति जताकर पुतिन ने बड़ी चिंता का समाधान कर दिया है। दोनों देशों के बीच का व्यापार 2030 तक 65 अरब डॉलर से बढ़ाकर 100 अरब डॉलर तक करने पर भी सहमति बनी है। यह भारत-रूस के विशेष रिश्ते को और मजबूत करने वाले होंगे। भारत-रूस की दोस्ती की गर्माहट से चीन एवं पाकिस्तान की बौखलाहट भी देखने को मिली है। यूक्रेन और गाजा में युद्धों की पृष्ठभूमि के बीच प्रधानमंत्री मोदी की रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा पर दुनिया की नजरे लगी रही। एक ध्रुवीय विश्व व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश कर रहे अमरीका और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में अपना हित देख रहे रूस के बीच भारत की स्थिति एवं उसकी बढ़ती ताकत का भी विश्लेषण किया जा रहा है। मास्को में प्रधानमंत्री मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के गले मिलने पर यूक्रेन की नाराजगी के बावजूद अमरीका की सधी प्रतिक्रिया सामने आयी कि इससे उसके भारत से रिश्तों पर कोई असर नहीं होगा। निश्चित ही इससे यह साफ हो जाता है कि दुनिया अब एक या दो ध्रुवीय नहीं रही। अमेरीका यह जान रहा है कि चीन के तानाशाही भरे रवैये से निपटने के लिए भारत का साथ आवश्यक है। वास्तव में इस आवश्यकता ने भी अमेरीका में भारत की अहमियत बढ़ने का काम किया है। यह अहमियत यही बता रही है कि अब भारत का समय आ गया है। वास्तव में आज अमेरीका ही नहीं, विश्व का हर प्रमुख देश भारत को अपने साथ रखना आवश्यक समझ रहा है। कहना न होगा कि वैश्विक मंच पर योग का विषय हो, या अहिंसा का या फिर आतंकवाद से निपटने का, जलवायु परिवर्तन का मसला हो या फिर जी-20 देशों की अध्यक्षता की बात, भारत, दुनिया को नई दिशा दे रहा है, नई उम्मीदें जगा रहा है।एक नई ताकत एवं सशक्त अर्थ-व्यवस्था के साथ एक नया ध्रुव बनकर उभर रहा भारत समूची दुनिया की नजरों का ताज बना हुआ है। भारत अब बिना किसी दबाव के किसी भी अन्य ताकतवर देश की नाराजगी मोल लेने का हौसला रखता है। शीतयुद्ध के दौर में दो ध्रुवीय विश्व व्यवस्था के बाद एक ध्रुवीय व्यवस्था का अनुभव दुनिया को मिल चुका है। अब बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में ही संभावनाएं देखी जा रही हैं। ग्लोबल साउथ की आवाज बन भारत वैश्विक भूमिका को खुलकर प्रदर्शित भी कर रहा है। वैसे भी भारत एक बड़े देश के पाले में कभी नहीं रहा।


राम गोपाल सैनी

# सांख्यिकी रूपरेखा 2024 पुस्तिका का हुआ विमोचन



**जयपुर (हमारा वतन)।** जिला सांख्यिकी कार्यालय, जिला कलक्ट्रेट जयपुर की ओर से तैयार सांख्यिकी रूपरेखा 2024 की पुस्तिका का संयुक्त निदेशक, आयोजना विभाग, शासन सचिवालय जयपुर प्रवीण झा ने विमोचन किया।

संयुक्त निदेशक प्रवीण झा ने कहा कि जिला सांख्यिकी कार्यालय की ओर से संकल्पित इस पुस्तक में जिलें के सभी विभागों की प्रगति व जिले की सामाजिक-आर्थिक व राजनीतिक पृष्ठभूमि की रूपरेखा प्रस्तुत की है।

संयुक्त निदेशक सांख्यिकी हीरा लाल जाटव ने बताया कि पुस्तक में जिले, ब्लॉक, तहसील वार सभी विभागों की सूचनाओं का संकलन किया है। जिसमें जिले की स्थिति, जनसंख्या, साक्षरता, जलवायु, कृषि, पशुपालन, वन, चिकित्सा, पुलिस, पंचायतीराज आदि विभागों की समग्र सूचनाओं का प्रकाशन किया है।

सहायक निदेशक डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि इस पुस्तक के प्रकाशन से समाज के सभी वर्गों तक जिले की सूचनाएं सुगमता से पहुंच पायेगी। यह पुस्तक आमजन, जनप्रतिनिधियों व ब्लॉक, जिले के विकास में रूचि रखने वाले लोगों के लिए उपयोगी साबित होगी।

इस अवसर पर डॉ. सुदीप कुमावत सहायक निदेशक, प्रमोद गुप्ता सहायक सांख्यिकी आधिकारी, नेहा त्रिपाठी सांख्यिकी निरीक्षक, कृष्ण कुमार खेडिया वरिष्ठ सहायक आदि लोग उपस्थित रहे।



# माया देवी को मिला रक्तदाता प्रेरक सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** नागरिक विकास समिति ,ब्लॉक 265, सेक्टर 26, प्रताप नगर जयपुर की अध्यक्ष माया देवी को समर्पण संस्था जयपुर द्वारा आयोजित शिक्षा दान महोत्सव में प्रताप नगर स्थित रावत पब्लिक स्कूल के निर्मला ऑडिटोरियम में राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा से रक्तदाता प्रेरक का सम्मान मिला। माया देवी ने कहा कि समर्पण संस्था द्वारा किये जा रहे मानव जीवन की सेवार्थ कार्यों के लिए पूरी टीम और सहयोगियों को कोटि कोटि धन्यवाद।

# 3200 कैडेट्स ने लिया पौधारोपण का संकल्प

**जयपुर (नि.सं.)।** जयपुर ग्रुप मुख्यालय के तत्वावधान मे प्रथम राजस्थान बटालियन एनसीसी कैडेट्स ने महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीर पाल सिंह के आह्वान के बाद करण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बलराज सिंह के सानिध्य मे वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कैडेट्स ने उत्साह के साथ एक पेड़ मां के नाम की मुहिम की आगे बढ़ाया और वृक्षारोपण किया । महाविद्यालय के एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ. बी. एल. दूदवाल ने बताया कि एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर, छात्रावास के आसपास, खेल स्टेडियम एवं महाविद्यालय एनसीसी इकाई ऑफिस के सामने जामुन, कचनार, चंपा, बौगैनविलिया एवं नीम के पौधे लगाए। और कहा कि इन की पौधों करीब 3 वर्ष तक देखरेख कराई जायेगी।

# सावन की बूंदें

रिमझिम रिमझिम सावन की बूंदें आई
चटकी कलियां फूलों की
चारों दिशाओं खुशबू महकी
आया सावन झूम कर
बागों में फिर पक्षी आए ओर चिड़ियां चहकी
रिमझिम रिमझिम सावन की बूंदे आई

सावन की यह पहली बारिश
पंछी झूमे हर डाली डाली
बादलों से आए गर्जन डर वाली
डर से भागे मानव बंदर गायें और बिल्ली
आसमान से जब बिजली चमकी
रिमझिम रिमझिम सावन की बूंदें आई

सब हुए दीवाने जब मौसम
प्यारा हुआ सुहाना
दिल में दी दस्तक जवां दिल ने
और हम हुए बेगाने
बात थी बस घटाओं की और
पेड़ों के बहार की
बागों में कलियों की और फूलों
में गेंदे और गुलाब की
बीत गया वह मौसम ख्वाबों में आकर
यह देखकर तब आंखें सबकी भर आई
रिमझिम रिमझिम सावन की बूंदे आई
चटकी कलियां खुशबू महकी
रिमझिम रिमझिम सावन की बूंदे आई।


उदयवीर सिंह यादव

# विधान सभा क्षेत्र माण्डल में अवैध कोयला भट्टियों को अति शीघ्र ही ध्वस्त कर दिया जाएगा : पर्यावरण मंत्री

**जयपुर(नि.सं.)।** पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने राज्य विधानसभा में आश्वस्त किया कि विधान सभा क्षेत्र माण्डल में अति शीघ्र ही अवैध रूप से संचालित कोयला भट्टियों को ध्वस्त कर दिया जाएगा। पर्यावरण मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र माण्डल में संचालित अवैध कोयला भट्टियों के सम्बन्ध में भीलवाड़ा जिला प्रशासन के माध्यम से आश्वस्त किया गया है कि क्षेत्र में संचालित इन अवैध कोयला भट्टियों को अतिशीघ्र ही ध्वस्त कर क्षेत्र को इनसे मुक्त कर दिया जाएगा।




हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादक: सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा